नीमकाथाना जिला निरस्त होने पर संघर्ष समिति ने मनाया जश्न

खेतड़ी, (निसं)। राज्य सरकार की ओर से शनिवार को हुई कैबिनेट की बैठक में नीमकाथाना जिले का दर्जा खत्म करने पर खेतड़ी के लोगों ने खुशी मनाई। खेतड़ी जिला बनाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में उपखण्ड कार्यालय के सामने समिति के संयोजक गोपाल राम सैनी के नेतृत्व में लोगों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई। इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।

संघर्ष समिति संयोजक गोपाल राम ने बताया कि ठिकाना खेतड़ी के समय खेतड़ी तत्कालीन राजपूताना में जयपुर के बाद सबसे बड़ी रियासत थी। इसकी अवहेलना करते हुए खेतड़ी को नीमकाथाना जिले में शामिल कर दिया गया था। इसके लिए खेतड़ी के लोगों ने विरोध भी किया था और खेतड़ी को जिला बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले 33 दिन उपखंड अधिकारी कार्यालय के सामने धरना भी दिया था। यही मांग थी कि खेतड़ी को जिला बनाओ या हमें वीर प्रसूता भूमि झुंझुनूं जिले में ही रखा जाए। आज हमारी प्रथम मोर्चे पर जीत हुई है। खेतड़ीवर्तमान समय मेंजिलाबनने की सभी शर्तें पूरी करने के बावजूद भी सरकार की ओर से की जा रही अनदेखी से आमजन में आक्रोश उत्पन्न हो रहा था। जब सरकार की ओर से नगर पालिका व उप तहसील जैसे क्षेत्रों कोजिलाबनादिया ऐसे में खेतड़ी कोजिलानहींबनाए जाने से खेतड़ी की जनता को गहरा आघात लगा हुआ था। ऐतिहासिक व भौगोलिक दृष्टि से देखा जाए तो खेतड़ी पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान रखता है।खेतड़ीके राजा अजीत सिंह ने स्वामी विवेकानंद को शिकागो के धर्म सम्मेलन में भेज कर सनातन धर्म के प्रचार को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाया था, जिसकी वजह सेखेतड़ीकी पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनी हुई है। इसके बावजूद भी खेतड़ी की पहचान को छुपाने का प्रयास किया जा रहा है।खेतड़ी कोजिलानहींबनाकर सरकार ने क्षेत्र की जनता के साथ विश्वासघात किया था।जिलाबनाओ संघर्ष समिति की ओर सेजिलाबनाने को लेकर धरने व प्रदर्शन किए जा रहे थे। इस दौरान संघर्ष समिति की ओर से आतिशबाजी की गई।इस मौके पर समिति के एडवोकेट संजय सुरोलिया, दुर्गा प्रसाद सैनी, धर्मेंद्र सिंह तोमर, सुभाष सैनी, डालचंद चंचलानी, संजय नालपुरिया, अभिषेक बबेरवाल, नगेन्द्र सिंह सोढा, जुगल किशोर कुमावत, चंदगी राम सैनी, विमल कुमार सैनी, गजानंद कुमावत, कैलाश स्वामी, सत्यनारायण भार्गव, डॉ सोमदत्त भगत, हरवेन्द्र चनानिया, संजय सुरोलिया, जुगल किशोर कुमावत, पवन कुमार शर्मा, भंवरलाल जयदिया, संजय सैनी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

नीमकाथाना जिले का दर्जा खत्म करने पर खेतड़ी के लोगों ने खुशी मनाई।

- खेतड़ी को पिछले काफी समय से जिला बनाने की हो रही थी मांग

मैच जीतकर किया सेमी फाइनल में प्रवेश

रतनगढ़,(निसं)। समाजसेवी संस्था दी यंग्स वेलफेयर सोसायटी द्वारा चूरू जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में सेठ सूरजमल जालान ट्रस्ट कोलकाता के सौजन्य से रघुनाथ विद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित 38वीं सेठ मोहनलाल जालान मेमोरियल क्रिकेट ट्रॉफी में रविवार को चूरू एकेडमी और यंगस्टार क्लब रतनगढ़ ने अपने अपने मैच जीतकर प्रतियोगिता के सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया। आयोजन सचिव राकेश गहलोत ने बताया कि पहला मैच चूरू एकेडमी और विक्टोरिया क्लब रतनगढ़ के मध्य खेला गया। चूरू एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सचिन चौधरी के शानदार 80 रनों की आतिशी पारी की बदौलत निर्धारित 15 ओवर में 207 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में विक्टोरिया क्लब की टीम 122 रन ही बना पाई और चूरू एकेडमी ने 85 रन के अंतर से मैच जीत लिया। दूसरा मैच रेलवे लायंस क्लब रतनगढ़ और यंगस्टार क्लब रतनगढ़ के मध्य हुआ। यंगस्टार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में सचिन काकोड़िया के अविजित तूफानी शतक 127 की मदद से 199 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

765 केवी ट्रांसमिशन लाइन संघर्ष समिति की बास नानग में हुई संकल्प सभा

झुंझुनूं,(निसं)। 765 केवी ट्रांसमिशन लाइन प्रभावित किसान संघर्ष समिति की संकल्प सभा रविवार को बास नानग में हुई। सभा की अध्यक्षता एडवोकेट संजीव महला ने की। पर्यवेक्षक के तौर पर समिति के कॉमरेड कपिल ऐचरा, फूलचंद ढेवा, रोहिताश राणासर, सतीश ऐचरा, मनोज डाबड़ी, महेश पूनियां मौजूद रहे। सभा मे एडवोकेट संजीव महला व फूलचंद ढेवा ने कहा कि यह दौर आपस में बंटने का नहीं है। यह समय संगठित होने का है। सभा में रोहिताश राणासर व विकास शर्मा ने कहा कि सभी किसान एकजुट हो जाओ और जब भी जहां भी कम्पनी का कोई सामान या आदमी बिना किसान की अनुमति के खेतों में दिखे तो उससे सामान गिरफ्त में लेकर गांवों के मंदिरों में लगा दो और कंपनी के नुमाइंदों को बांध लो।प्रभावित किसानों के साथ साथ आम किसान को भी इस संघर्ष का हिस्सा बनना पड़ेगा। अन्यथा ये कम्पनियां सरकारों के दम पर हमारे हक एक एक करके डाका डालने का काम करेंगी। सभा में समिति के प्रवक्ता कॉमरेड कपिल ऐचरा ने कहा कि समिति बिना परमिशन खेतों में पड़े सामान को जल्द जब्त करेगी और कम्पनियों पर मुकदमा दायर किया जाएगा। साथ ही चेताया कि जिला प्रशासन को बार बार अवगत करवाने के बावजूद अब तक कंपनियों द्वारा किए गए नुकसान का आकलन नहीं किया गया है। जल्द किसान एकजुटता के साथ जिला कलेक्ट्रेट पर बड़ा प्रदर्शन करेगा।

गौवंश पर कुल्हाड़ी मारने के मामले को एस.पी. ने गंभीरता से लिया

झुंझुनूं, (निसं)। जिला मुख्यालय के लगते सोती गांव में एक गौवंश की पीठ पर समाजकंटकों द्वारा कुल्हाड़ी घोंपने की घटना के बाद झुंझुनूं पुलिस ने संज्ञान लिया है। एसपी शरद चौधरी ने अखबार में खबर छपने के बाद सख्ताई दिखाई हैं और संबंधित सदर थाना पुलिस को जांच के लिए तुरंत प्रभाव से सोती गांव भेजा। सदर थाना पुलिस शनिवार को सोती गांव पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी जुटाई और गौसेवकों से संपर्क कर संदिग्ध आरोपी की तलाश में जुट गई है। इधर गौसेवकों की ओर से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है। गौरतलब है कि सोती गांव में एक बेसहारा गौवंश मिला था जिसकी पीठ में कुल्हाड़ी घुसी हुई थी। सूचना पर बुड़ाना गौशाला सेवा समिति के सदस्यों और गौसेवकों द्वारा इसका इलाज करवाया गया।

गौवंश की पीठ पर घोंपी थी कुल्हाड़ी- आपको बता दें कि जिला मुख्यालय के साथ लगते सोती गांव में बुधवार को एक गौवंश की पीठ पर समाजकंटकों ने कुल्हाड़ी घोंप दी थी। काफी समय तक गौवंश गांव में घोंपी गई कुल्हाड़ी के साथ ही घुमता रहा। लेकिन इसके बाद सूचना मिलने पर बुडाना की गोविंदा गौशाला सेवा समिति के कार्यकर्ता सोती गांव पहुंचे। जिन्होंने पहले गौवंश का रेस्क्यू किया और फिर उसकी पीठ से कुल्हाड़ी निकाली। इसके बाद वाहन के जरिए गौवंश को जखोड़ा स्थित पशु चिकित्सालय पहुंचाया। जहां गौवंश का इलाज करवाया गया।

श्री गोविंदा गौशाला सेवा समिति बुड़ाना के अध्यक्ष मंदीप कृष्णिया ने बताया थ्ज्ञा कि बुधवार सुबह सोती गांव में एक गौवंश घूम रहा था। सांड की पीठ पर लोहे की कुल्हाड़ी घुसी हुई थी और खून बह रहा था। यह देख उसके साथी राहुल ने सेवा समिति को सूचना दी। जिस पर सेवा समिति के सदस्यों एवं अन्य गौसेवक युवकों की मदद से सांड को पकड़ कर उसकी पीठ से कुल्हाड़ी निकाली। मंदीप ने बताया कि कुल्हाड़ी का वार इतना तेज किया गया था कि सांड की पीठ पर बड़ा घाव हो गया और के खून बहने लगा। इधर गौरक्षा सेना के प्रदेशाध्यक्ष सुलतान सिंह गुर्जर व गौशाला सेवा समिति के अध्यक्ष मंदीप कृष्णियां का कहना है कि बेसहारा गौवंश के साथ ऐसा कृत्य करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। इस दौरान जयकरण गुर्जर, उम्मेद, विकास राईका, लक्ष्मीकांत, महोम्मद अली, सौरभ जांगिड़, सोहिल गांधी, अरमान, विक्की जागिड़, राकेश, आर्यन, हरिश, अंकित, अजय, अनिल गुर्जर, पंकज इत्यादि गौसेवकों ने भी मामले की निंदा की थी।

अस्पताल में रोगीयों का नहीं हो रहा ईलाज, चिकित्सक भी मजबूर

तारानगर, (निसं)। तारानगर के राजकीय उप जिला अस्पताल में कहने को तो सरकार ने आंखो के ईलाज के लिये पिछले चार साल से दो चिकित्सको की नियुक्ति कर रखी है लेकिन बिना उपकरणो के रोगी व चिकित्सक दोनों लाचार नजर आ रहे है । इस सम्बन्ध में जब आंख रोग के चिकित्सक मया पैसिया से बात की तो सामने आया कि आंखो रोग विशेषज्ञो के लिये सरकार ने पिछले चार साल से किसी भी प्रकार के उपकरण आज तक उपलब्ध नहीं करवाये है । आंखा रोग के लिये प्रारम्भिक जांच के लिये उपकरण ए. आर. के, स्लिट लैंप, टोनोमिटर, ऑपथेलमो स्टोप जो बेसिक उपकरण है वो भी आज तक सरकार उपलब्ध करवानें में असमर्थ रही । तारानगर में वर्तमान में लगभग 1500 ओ पी डी है जिसमें से 200 मरीज रोज तारानगर के इस सरकारी उप जिला अस्पताल में अपनी आंखो की बिमारी को ठीक करवाने के लिये ग्रामीण व शहर अंचल से आते है लेकिन जैसे ही उनको पता लगता है कि हमारे डॉक्टर साहब के पास हमारी जांच के लिये ना तो कोई उपकरण है व ना ही हमारा ऑपरेशन यहां हो पायेगा तो वो अपने आपको ठगे से महशूश करते है । गौरतलब है कि वर्तमान में तारानगर के उप जिला अस्पताल में आंख के ऑपरेशन के लिये किसी प्रकार के ऑपरेशन थियेटर की उपलब्धता भी नहीं है, चिकित्सको से बात करने पर पता चला कि यदि हमें ऑपरेशन थियेटर व उपकरण उपलब्ध करवा दिये जाते है तो आँख के रोगी को कहीं भी भटकना नहीं पडेगा । अपनी आंखो को दिखाने आई एक बुढी अम्मा ने बताया कि यहां अस्पताल में डॉक्टर ने उसकी आंखो में मोतीयाबिन्द बताया है लेकिन उपकरण ना होने के आभाव में ऑपरेशन करने से मना कर दिया है । हालांकी कहने को तो तारानगर के इस अस्पताल को उप जिला अस्पताल का दर्जा दे दिया है लेकिन आज तक इसमें चिकित्सको को किसी प्रकार के संशाधन उपलब्ध नहीं करवाये गये है, हांलांकी तारानगर के नाम पर राजनीति करने वाले नेतागण उप जिला अस्पताल को लेकर बहुत सारे सकारात्मक वादे तारानगर क्षेत्र की जनता से बहुत किये थे लेकिन निभाने में नाकाम रहे । **नका कहना है -** डॉ. मोतीलाल सोनी, पीएमओ उप जिला अस्पताल तारानगर हमने आंखो के ईलाज में काम आने वाले उपकरण खरीद करने के लिये टैण्डर जारी कर दिये है व अतिशिघ्र आंखो के ऑपरेशन करने के लिये ऑपरेशन थियेटर भी तैयार हो जायेगा।

- जांच भी होती बाहर से, अस्पताल में जांच की नहीं सुविधा

कविता प्रतियोगिता आयोजित

राजलदेसर,(निसं)। राजलदेसर कस्बे में ज्ञान की अलग जगाने वाले एवं हर सामाजिक गतिविधियों में समाज की प्रतिभा को आगे लाकर उसका सम्मान करना साथ ही उनका समय-समय पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करना इसी के तहत रविवार को ज्ञान फाउंडेशन की ओर से राज किशोरी टाउन हॉल में कविता प्रतियोगिता का आयोजन ज्ञान फाउंडेशन की संस्थापिका डॉक्टर उषा किरण सोनी के सानिध्य में आयोजित की गई जिसमें कुल आवेदन 22 आए जिनमें से 9 छात्राओं ने व एक छात्र ने भाग लिया जिसमें सभी ने अलग-अलग महान कवियों की अपने मुखारविंद से सुंदर कविता का वाचन किया जिसमें कविता को सुनकर उपस्थित अतिथिगण ताली बजाने पर मजबूर हो गए इस अवसर पर डॉक्टर उषा किरण ने कहा कि समाज की प्रतिभा को आगे लाने का हमारा उद्देश्य है साथ ही जो अच्छे कार्य करता है उनका सम्मान करना यह ज्ञान फाउंडेशन का उद्देश्य है उस उद्देश्य के माध्यम से ही इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

देहदानी माता जय देवी इन्सां की नमित श्रद्धांजलि स्वरूप नामचर्चा आयोजित

सादुलपुर, (निसं)। डेरा सच्चा सौदा एमएमजी मानवता भलाई केन्द्र की अनुयायी रही 60 वर्षीय सचखंडवासी माता जय देवी इन्सां के नमित श्रद्धांजलि स्वरूप नामचर्चा ब्लॉक सिद्धमुख के गांव चैनपुरा छोटा में संपन्न हुई। जिसमें ब्लॉक सिद्धमुख, भादरा, तारानगर, राजगढ, राजपुरा, महराणा, नेठराणा, ददरेवा, चूरू, सरदारशहर व फेफाना, मलसीसर सहित आस पास के अन्य ब्लॉकों से हजारों की संख्या में साध संगत, शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेल्फेयर फोर्स वींग के सेवादार व जिम्मेवारों सहित रिश्तेदार और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। नामचर्चा का शुभारंभ ब्लॉक प्रेमी सेवक शीशराम इन्सां ने 'धन धन सतगुरू तेरा ही आसरा' का इलाही नारा बोलकर किया। जिसके उपरांत चूरू जोन के समस्त ब्लॉकों एवं गांवों से पहुंचे कविराजों भाईयों ने चेतावनी भजन बोलकर उपस्थित साध संगत को अपनी सांसारिक जिम्मेवारियों के नि:स्वार्थभाव से निर्वहन करने के साथ-साथ राम नाम के सिमरण व सृष्टि सेवा के लिए लगाने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान डेरा सच्चा सौदा एमएसजी मानवता भलाई केन्द्र के राजस्थान प्रान्त की 85 मेम्बर बहन आम्रपाली इन्सां एवं बलराज इन्सां ने कहा कि सचखंडवासी माता जय देवी इन्सां डेरा सच्चा सौदा के पूर्ण निष्ठावान सेवादार थी। जिन्होंने गुरूमंत्र की अनमोल दात प्राप्त कर अपना संपूर्ण जीवन इन्सानियत की सेवा में लगाने के साथ-साथ मरणोपरांत अपना शरीरदान करने का पर्ण लेकर मेडिकल रिसर्च हेतु मानवता की सेवा में समर्पित कर दिया, इससे बडी सेवा दुनिया में कोई नहीं है। इसी के साथ नामचर्चा में पहुंची साध संगत ने सचखंडवासी मात जय देवी इन्सां की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजली भेंट की।

श्री महावीर मंडल पिलानी का 42वां वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ

पिलानी, (निसं)। श्री महावीर मंडल के 42वें वार्षिकोत्सव व 2218वां श्री सुंदरकांड पाठ शनिवार को कस्बे के गुलाब राय हलवाई गेस्ट हाउस पिलानी में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत फीता काटकर मंडल प्रमुख नरेश मनीरामका के कर कमलों से हुई। साथ ही श्री महावीर मंडल के सम्मान पत्र का विमोचन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भिवानी हरियाणा के बाबा बालकनाथ आश्रम के महंत श्री श्री 1008 केशवनाथ महाराज, पंजाब पुलिस चंडीगढ़ मुख्यालय के आईपीएस दीपक पारीक, स्टेट जीएसटी में जॉइंट कमिश्नर उमेश जालन, चिड़ावा डीएसपी विकास धींधवाल, बीकेबीआईटी में वित्त निदेशक केके पारीक, बिरला सार्वजनिक हॉस्पिटल ट्रस्टी डॉ. मधुसूदन मालानी, श्रीश्याम आशीर्वाद सेवा संस्थान के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, सुनिल पाटोदिया वेलफेयर फाउंडेशन के प्रदीप पाटोदिया, लघु उद्योग भारती से रोहिताश्व बंसल, श्री गोपाल गौशाला के अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, आई हॉस्पिटल से डॉ. पीके सहगल, विद्या विहार नगर पालिका पूर्व चेरमेन डॉ. आरपी पारीक, रामनिवास कुमावत ईओ, बिजली विभाग एईएन संदेश मील, जगदीश शर्मा, मनोज शर्मा एवं सूरत से आए अशोक राधे राधे आदि थे। मंडल के नरेश मनीरामका ने बालाजी की अखंड ज्योत लेकर सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया एवं रामलाल की झांकी से सभी का मन मोह लिया। श्री महावीर मंडल के नितेश कुमावत एवं विनोद लक्खा ने मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे घर-घर रेल चला दी... भजन ने समा बांध दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश पारीक ने किया। सुंदरकांड पाठ के पश्चात हनुमान चालीसा का पाठ कर छप्पन भोग के प्रसाद का बाबा को भोग लगाया गया। इसके बाद आरती कर भक्तों को छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया गया। मंडल के नरेश मनीरामका, अनिल डाडा, रोहिताश, लक्ष्मीकांत व हजारों भक्तों ने एक साथ एक स्वर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का वाचन किया। कार्यक्रम में मुकुंदगढ, झुंझुनूं, सूरजगढ़, लोहारू, बहल, भिवानी, दादरी, जयपुर, दिल्ली, सालासर श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंडल के नरेश मनीरामका ने बताया श्री महावीर मंडल पिलानी की स्थापना एक जनवरी 1983 को 42 वर्ष पूर्व उनके पिता कुरड़ाराम महाजन मनीरामका ने रखी थी। मंडल विगत 42 वर्षों से लगातार हर शनिवार को निस्वार्थ श्रद्धाभावा से घर-घर जाकर सुंदरकांड पाठ का आयोजन करता है। श्री महावीर मंडल पिलानी इस साल चारों धाम केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री, गंगोत्री भी राम नाम का प्रचार करके आया है। उसके साथ ही अमरनाथ में बाबा बर्फानी, कैलाश पर्वत, मणी महेश, जम्मू कश्मीर, वाघा बॉर्डर, अमृतसर, काठगढ हिमाचल, तनोट माता मंदिर, रामदेवरा रूणीचा, देशनोक करणी माता, जयपुर, दिल्ली, सालासर, झुंझुनूं, मुकुंदगढ़, हरिद्वार, चिड़ावा, बहल, लोहारू, सूरजगढ़, भिवानी, दादरी, दो जांटी बालाजी मंदिर आदि स्थानों पर भी निशुल्क सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया है। नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ अगले शनिवार को सुंदरकाण्ड पाठ भिवानी हरियाणा के हनुमान जोड़ी धाम नरसिंह जी मंदिर मे किया जाएगा।

श्री महावीर मंडल के 42वें वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

- गूंजी सुंदरकांड की चौपाइयां, श्री महावीर मंडल द्वारा फिर लहराया बाबा का झंडा

पदनाम परिवर्तन के अनुमोदन पर मनाई खुशियां

झुंझुनूं । शनिवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई कैबिनेट बैठक में राजस्थान विभाग में अधीनस्थ सेवा नियम 1977 में संशोधन करते हुए अधीनस्थ सेवा में कार्यरत कर्मचारियों के पदनाम के परिवर्तन पर मोहर लगाई। पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष गुमान सिंह देशवाल ने बताया कि पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ की लंबे समय से पदनाम परिवर्तन की मांग थी जिसके लिए संघ कई वर्षों से प्रयासरत था। केबिनेट बैठक के अनुमोदन के पश्चात पशुधन सहायक- पशुधन निरीक्षक, पशु चिकित्सा सहायक-पशुधन प्रसार अधिकारी, सहायक सूचना अधिकारी- वरिष्ठ पशुधन प्रसार अधिकारी कहलाएंगे। इसके अलावा संवर्ग में पदोन्नित के लिए तीसरा नवीन पद मुख्य पशुधन प्रसार अधिकारी का भी सृजन किया गया। उक्त अनुमोदन पर कर्मचारियों के मनोबल वी आत्मविश्वास में वृद्धि होगी कर्मचारी के कार्य कुशलता में भी अभिवृद्धि होगी। संघ में पदाधिकारियों ने एकत्रित होकर पदनाम परिवर्तन के अनुमोदन पर खुशियां व्यक्त की एवं माला पहनकर पदाधिकारियों का स्वागत किया तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत, गृह राज्य मंत्री जवाहरसिंह बेढम, प्रदेश अध्यक्ष अजय सैनी एवं प्रदेश महामंत्री अर्जुन शर्मा का आभार व्यक्त किया।

सार-समाचार

महेश शर्मा अध्यक्ष निर्वाचित

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी, (निसं) । आचार्य नटवरलाल जोशी द्वारा संस्थापित श्री गौड़ ब्राह्मण महासभा के शनिवार को कार्यवाहक अध्यक्ष सत्यनारायण नाहरिया द्वारा गठित चुनाव अधिकारी अविनाश मुद्गल की देखरेख में श्री मुरलीमनोहर जी मन्दिर आयोजित चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुए। सर्वसम्मति से हुए चुनाव में अध्यक्ष महेश जी शर्मा ठेकेदार, उपाध्यक्ष सत्यनारायण नाहरिया, शशिकान्त जोशी, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश बियाला, सह-कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र इंदौरिया, मन्त्री दिनेश मारोठवाला, संयुक्त मन्त्री भँवरलाल शर्मा , कार्यकारिणी सदस्यों के साथ ही 11 विभिन्न समितियों के संयोजकों के नामों पर सहमति प्रकट की जिसमें भवन समिति अविनाश मुद्गल ,नववर्ष स्नेह सम्मेलन समिति कमलेश मिश्र, श्रावणी कर्म समिति महेश खुडीवाला, दीपावली सम्मेलन समिति बालकृष्ण जोशी, मासिक मिलन समिति भँवर शर्मा, शुभकामना पत्र भेंट समिति दीनदयाल जोशी, स्मारिका समिति निरुपमा उपाध्याय, आर्थिक सहयोग, छात्रवृत्ति समिति मुरारि जी महर्षि, मीडिया समिति पवन शर्मा निर्मल, कर्मकाण्ड प्रशिक्षण समिति चन्द्रशेखर जोशी, पारिवारिक सर्वेक्षण जगदीश पुजारी को बनाया गया जबकि सदस्य रूप में काशीप्रसाद चिरानिया, ओमप्रकाश जोशी, सुभाष गंगा माता मन्दिर, हर्षनाथ नाहरिया, डॉ. आशीष जोशी, सुभाष सुरोलिया, गिरधारी धरड़,पवन बूँटोलिया, विश्वम्भर जोशी, हरिशंकर मिश्र-दिल्ली, सुशील जोशी-मेडिकल, राजकुमार जी शर्मा को शामिल किया गया। नई कार्यकारिणी ने आचार्य जोशी के प्रति श्रद्धांजलि-कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए, उनके द्वारा संस्थापित-संचालित श्री गौड़ ब्राह्मण महासभा के कार्यों को तदनुसार नियमित रूप के करते रहने का संकल्प लिया। आरम्भ में सामूहिक प्रार्थना की गई । इसके साथ ही दिनेश भातरा, गोपाल लाटा, प्रमोद त्रिवेदी , अरविन्द शर्मा, अंजनी शर्मा, साँवरमल शर्मा, द्वारकाप्रसाद इंदौरिया , प्रवीण जोशी को विभिन्न समितियों के साथ संबद्ध किया गया।संस्था के मन्त्री दिनेश मारोठवाला ने आभार व्यक्त किया।

एटीएम मशीन के अंदर लगाई चोरी की प्लेट

नवलगढ़ । कस्बे के बावड़ी गेट बस स्टैंड चौक में लगे एसबीआई के एटीएम मशीन को खोलकर पैसे निकालते चोर को रंगे हाथों एटीएम गार्डों ने दबोच लिया। जरा सी चूक हो जाती तो चोर पैसे लेकर अपने दो साथियों सहित फरार हो जाता। एटीएम मशीनों में केश डालने और सुरक्षा के लिए गार्ड उपलब्ध करवाने वाली कंपनी हिटाची पेमेंट सर्विस के प्रतिनिधि जेरठी निवासी कुलदीप सिंह पुत्र बजरंगसिंह ने इस वारदात के संबंध में नवलगढ़ पुलिस थाने में रविवार को मुकदमा दर्ज करवाया है। कुलदीप सिंह ने रिपोर्ट दी कि नवलगढ़ बावड़ी गेट एसबीआई एटीएम से गार्ड राजेंद्र ने मुझे फोन करके बताया कि किसी अनजान व्यक्ति ने एटीएम के मुंह पर पट्टी लगा दी है और वो 2-3 व्यक्ति हैं। जिनका में अकेला सामना नहीं कर सकता तो मैं एटीएम पर आया और देखा तो एटीएम पर पट्टी लगी हुई थी। उसके बाद में गार्ड राजेंद्र और दूसरे गार्ड लालचंद मीणा को मैंने एटीएम के बैक रूम के अंदर बैठाकर एटीएम के अंदर आने वाले अनजान व्यक्ति का सीसीटीवी कैमरे में देख कर ध्यान रखने को कहा। दो-तीन घंटे तक कोई नहीं आया तो हमने पंचायत समिति नंवलगढ़ के पास लगे हमारे दूसरे एटीएम पर जाकर देखा तो उस एटीएम पर भी पट्टी लगी हुई थी और किसी ग्राहक के 20 हजार रूपए अंदर फंसे हुए मिले तो हमने पुलिस को सूचना देकर घटना के बारे में बताया। इसके बाद हम वापस बावड़ी गेट वाले एटीएम पर रविवार सुबह छह बजे पहुंचे तो देखा एटीएम में दो अनजान व्यक्ति दिखे जिन्हें गार्ड लालचंद, अमित कुमार व राजेंद्र महण ने पहचान लिया और दोनों को पकड़ लिया। दोनों से नाम पूछा तो एक ने रविंद्र पुत्र बाबूलाल मेघवाल निवासी इस्लामपुर बगड़ और दूसरे ने संजय पुत्र मांगीलाल मेघवाल निवासी इस्लामपुर बगड़ बताया। यह दोनों चोर पिछले दस दिनों से एटीएम में चोरी कर रहे थे और दोनों चोरों ने अपना गुनाह भी कबूल कर लिया। पुलिस को बुलाकर इन दोनों को नवलगढ़ पुलिस थाने पर भेज दिया। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

चिड़ावा में मन की बात कार्यक्रम सुना गया

चिड़ावा। चिड़ावा शहर मंडल के बूथ न. 198 पर भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम के 117वें संस्करण को सुना गया। इस कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, पार्षद मदन डारा, राजेंद्र पाल कोच, रविकांत शर्मा, मुकेश जलिंद्रा, रामानंद शर्मा, डॉ. बीएल वर्मा, सुनील कुमार छिप्पी, निरंजन लाल स्वामी, सत्यवीर डांगी, संदीप कुमावत, अशोक सिंह तंवर, जगमोहन वर्मा, प्यारेलाल थाकन, नरेंद्र गीरधर और सुनील भड़िया सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम हमें राष्ट्र निर्माण और जनसेवा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री के विचार हर नागरिक को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेश को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

कार पेड़ से टकराई, चार घायल

राजलदेसर,(निसं)। राजलदेसर में नेशनल हाइवे-11 पर परसनेऊ के पास तेज गति से दौड़ती हुई कार अनियंत्रित होकर हाइवे के साइड में जाकर एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार दो महिलाएं व दो पुरुष गंभीर घायल हो गये। मौके पर जुटी भीड़ ने घायलों को निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया, जहां पर चिकित्साकर्मियों ने प्राथमिक उपचार कर घायलों को हायर सेंटर रेफर किया। इधर घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने जानकारी जुटाई। पुलिस के अनुसार कार सवार सोयब (27), नफीसा (28), साईमा (29), जीसान (32) कायमखानी बीकानेर से दिल्ली जा रहे थे। परसनेऊ के पास तेज गति कार अनियंत्रित हो गई तथा पेड़ से टकरा गई। कार पूरी तरह से क्षितग्रस्त हो गयी । पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)।रविवार को कुम्हार समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। आईएएस पवन कुमार प्रजापति के आतिथ्य में हुए कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि एएसपी मोहनलाल दादरवाल, संयुक्त वित्त सचिव रणवीर गुरी तथा ईओ रामनिवास कुमावत आदि ने शिरकत की। कार्यक्रम में 200 से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

माता की चुनरी में लगाई बूटी

चिड़ावा। शहर की कोर्ट रोड के पास स्थित चौमाल भवन में शाकंभरी कुटुंब की ओर से निकलने वाली वार्षिक चुनरी यात्रा के लिए मां शाकंभरी की चुनरी तैयार की जा रही है।

कार्यालयध्यक्ष व प्राचार्य महाविद्यालय विकास समिति राजकीय महाविद्यालय सुजानगढ़ जिला चूरू

क्रमांक/रामसु/लेखा/निविदा/2024-25/1587 दिनांकः-27.12.2024

खुली निविदा सूचना (संख्या-04/2024-25)

कार्यालयध्यक्ष महाविद्यालय विकास समिति राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुजानगढ़ में दिनांक 17.01.2025 से 18.01.2025 तक अन्तराष्ट्रीय बहुविषय सेमिनार का आयोजन किया जावेगा, जिसमें जी.एस.टी. रजिस्टर्ड/अधिकृत विक्रेता/थोक विक्रेता से आवश्यक भोजन व्यवस्था, टैंट व्यवस्था, प्रिंटिंग व किट सामग्री एवं फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी राशि 3.15 लाख की सीमा में क्रय हेतु सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सामग्री की सूची एवं निविदा की शर्तें महाविद्यालय में कार्यालय समय पर एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर निम्न विवरण के माध्यम से देखी जा सकती है।

NIB:- ECD2425A0260

UBN:- ECD2425SSOE00253

कार्यालयध्यक्ष व प्राचार्य
महाविद्यालय विकास समिति
राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय,
सुजानगढ़, जिला चूरू